# ऑफर प्रस्तुति पुस्तिका

4 से
18 जून
2018



## कर्मचारी शेयर-स्वामित्व योजना



कर्मचारी & शेयरधारक

# हां, मैं भी लूंगा/लुंगी!

WWW.INVEST2018-LOREAL.COM

L'ORÉAL

# सारांश

3 जां-पाल आगन का संदेश

4 सारांश में ल’ऑरियल

6 ल’ऑरियल कर्मचारी शेयर-स्वामित्व योजना

9 शेयर-स्वामित्व योजना में भाग लेना

10 सब्सक्रिप्शन की शर्तें

11 ऑफर की समय-सारणी

कर्मचारी
शेयर-स्वामित्व
योजना

# जां-पाल आगन का संदेश

ल'ऑरियल का अध्यक्ष और प्रबन्ध नदिेशक



प्रिय सहकर्मियों,

सौ वर्षों से अधिक समय से सौन्दर्य के अभियान में ल'ऑरियल पूरे जुनून से कार्य कर रही है। यह एक संगठित अभियान है। सर्वप्रथम हमारी सफलता और हमारी शक्ति आप में से प्रत्येक द्वारा हमारे लक्ष्य प्राप्ति के लगाव में निहित है : सबके लिये सौन्दर्यता।

सौन्दर्यता एक अपरिवर्तनीय इच्छा है। यह एक सदैव बढ़ने वाला विकासशील बाज़ार है व हमारे नेतृत्व को सुदृढ बनाने हेतु हमें वास्तविक गुण प्रदान करता है : स्पष्ट रण-नीतिक परियोजना, अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति, समर्पित टीम, उद्योग के ब्रांडों का सबसे व्यापक पोर्टफोलियो, अनुसंधान और नवरचना में निरन्तर निवेश, शेयर-धारिता और स्थिर संचालन।

एक अत्यन्त परिवर्तनशील संसार में, हम अधिक डिजिटल, कुशल, स्फूर्तिमान, स्थायी ल'ऑरियल की ओर अग्रसर हैं। आप विश्व में सब ओर इस परिवर्तन के लिये प्रतिदिन अपना योगदान करते हैं।

इस वर्ष, हम आपको प्रथम कर्मचारी शेयर-स्वामित्व योजना में भाग लेने और कंपनी शेयर-स्वामित्व सामूहिक फंड के "कर्मचारी शेयरधारिता" भाग के माध्यम से "कर्मचारी शेयर-स्वामित्व योजना" के अंतर्गत अप्रत्यक्ष रूप से ल'ऑरियल के शेयरधारक बनने का प्रस्ताव प्रस्तुत कर रहे हैं।

ग्रुप की सफलता और समृद्धि के लिये, ल'ऑरियल सदैव ही अपने सहकर्मियों को साथ लेकर चलने का प्रयास करती रही है। एफ़-सीपीई के माध्यम से ग्रुप की यह प्रथम कर्मचारी शेयर-स्वामित्व योजना आपको एक नये तरीके से कंपनी के विकास के साथ बढ़ने और इसकी रणनीतिक परियोजना में भाग लेने के लिये आपका आवाहन करती है। यह योजना सीधे तौर से आपको ग्रुप के भविष्य से जोड़ने की इच्छा दर्शाती है।

ल'ऑरियल के जीवनकाल में यह एक अत्यन्त महत्वपूर्ण क्षण है और आप के साथ इसे साझा करते हुये मैं अत्यन्त हर्षित हूं।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह ऑफर आप सबको अत्यन्त सफलता प्रदान करेगी।

आपकी प्रतिबद्धता और विश्वास के लिये मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

कर्मचारी
शेयर-स्वामित्व
योजना

# सारांश में ल’ ऑरियल


## ल’ऑरियल, सौन्दर्यता का विश्वव्यापी लीडर

सौ वर्षों से अधिक समय से ल’ऑरियल केवल एक व्यवसाय के प्रति समर्पित है : सौन्दर्यता। हम इसमें विश्वव्यापी लीडर हैं। सौन्दर्यता ग्रुप के अस्तित्व का कारण है। यह हर किसी को आत्मविश्वास प्राप्ति और दूसरों के समक्ष प्रस्तुत करने में सहायता व व्यक्तिगत और सामूहिक कल्याण के लिये योगदान देती है।

यह समूह 34 विविध और अन्य ब्रांडों के अंतरराष्ट्रीय पोर्टफोलियो के आधार पर सम्पूर्ण विश्व में सौन्दर्यता की सभी आकांक्षाओं को पूरा करता है।

वितरण के सभी क्षेत्रो में विद्यमान व विश्व में 82,600 सहकर्मियों के सहयोग से, 2017 में ल’ऑरियल ने 26.02 अरब यूरो का व्यापार किया है।


## परिचालन-संबंधी विभागों का 2017 व्यापार



प्रति भौगोलिक क्षेत्र


**31.2%** पश्चिमी यूरोप
**28.3%** उत्तरी अमेरिका
**40.5%** नये बाज़ार

जिनमें निम्न सम्मिलित हैं: **23.6%** एशिया, प्रशान्त
**7.5%** लेटीन अेररका
**6.7%** पूर्वी यूरोप
**2.7%** अफ्रीका, मध्यपूर्व



प्रति व्यवसाय

**29.3%** त्वचा की देखभाल
**27.9%** श्रृंगार
**17.5%** बालों की देखभाल
**11.8%** रंगाई
**9.2%** खुशबू
**4.3%** अन्य [1]



प्रति विभाग

**46.6%** उपभोक्ता उत्पाद
**8%** क्रियाशील प्रसाधन सामग्री
**32.5%** ल’ऑरियल लक्स
**12.9%** व्यावसायिक उत्पाद

### 2017 के मुख्य आंकड़े

**प्रथम विश्वव्यापी प्रसाधन ग्रुप**

*150* **देशों में उपस्थित**

*26.02* **अरब यूरो का व्यापार**

*82, 600* **सहकर्मी**

*87* **करोड़ 77 लाख यूरो का अनुसंधान और नवरचना बजट**


*34* **अन्य ब्रांड**

[1] *“अन्य” में साफ-सफाई के उत्पाद और ग्रुप-बाह्य अन्य ब्राण्डों के साथ अमेरिका के व्यावसायिक वितरकों द्वारा किये गए व्यवसाय के आंकड़े सम्मिलित हैं।*

## लाख यूरो में 2007 से 2017 तक व्यापार-मात्रा में विकास

| 2007 | 2008 | 2009 | 2010 | 2011 | 2012 | 2013 | 2014 | 2015 | 2016 | 2017 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17,063 | 17,542 | 17,473 | 19,496 | 20,343 | 21,638 | 22,124 | 22,532 | 25,257 | 25,837 | 26,024 |


## 2007 और 2017 के बीच ल'ऑरियल के शेयर के मूल्य में वृद्धि




स्रोत: थोमसन रीउटर्स डैटास्ट्रीम

## 2007 और 2017 के बीच इकाई लाभांश की राशि में वृद्धि

ग्रुप के कुल लाभ को शेयरधारकों में बांटे जाने वाले अंश को डिविडेंड (लाभांश) के रूप में दर्शाया जाता है। लाभांश अर्जित नहीं किया जाता, यह आम सभा में लिये गए निर्णय पर निर्भर करता है।




*चेतावनी : पिछले प्रदर्शन आगामी प्रदर्शनों की भविष्यवाणी नहीं करते हैं।*

*समय-समय पर ल'ऑरियल जानकारीयों के दस्तावेज़, विशेषत: वित्तीय, अपनी इंटरनेट साइट (www.loreal-finance.com) पर प्रकाशित करती है। इन दस्तावेज़ो, जिनमें अन्य जानकारीयों के अतिरिक्त कंपनी की गतिविधि, कार्यनीति और उद्देश्य, कंपनी की गतिविधि से संबन्धित अंतर्निहित जोख़िमों के कारण व उसके वित्तीय परिणामों, को पढ़ने व जानकारी लेने के लिये आपका स्वागत है।*

# कर्मचारी शेयर-स्वामित्व योजना

## अंतरराष्ट्रीय कर्मचारी शेयर-स्वामित्व योजना के तहत ल'ऑरियल के शेयरों में निवेश

प्रथम ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर-स्वामित्व योजना की संरचना के तहत कंपनी शेयर-स्वामित्व सामूहिक फंड के "ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना"[1] के माध्यम से आपको ल'ऑरियल के शेयर प्राप्त करने का ऑफर दिया जा रहा है।

"ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना" एफ़सीपीई संगठन की रचना ल'ऑरियल के शेयरों में निवेश के इच्छुक कर्मचारियों के लिये आरक्षित शेयरों में सामूहिक निवेश करने हेतु की गई है। इसकी रचना विशेषत: योजना के अवसर पर की गई है।

प्रत्येक कर्मचारी अपने निवेश के अनुपात से एफ़सीपीई के अंशों की संख्या प्राप्त करेगा।

कर्मचारियों और ल'ऑरियल के प्रतिनिधियों से संगठित एक पर्यवेक्षी बोर्ड इस एफ़सीपीई के प्रबंधन[2] की समीक्षा के लिये उत्तरदायी होगा।

### लाभ 1

**20% की छूट**

इस योजना की संरचना के तहत कर्मचारी को संदर्भ मूल्य की तुलना में सब्सक्रिप्शन मूल्य में 20% छूट का लाभ प्राप्त होगा। इसे छूट कहते है।

संदर्भ मूल्य शेयर बाज़ार में 4 से 31 मई, 2018, के बीच ल'ऑरियल शेयर के औसत प्रारम्भिक मूल्य के बराबर होगा और इसका निर्धारण 1 जून, 2018, को किया जायेगा।

### लाभ 2

**अभिदान के रूप में 4 शेयर प्राप्त किये जा सकते हैं।**

आपके सब्सक्रिप्शन को ल'ऑरियल 4 अतिरिक्त शेयरों तक सब्सक्राइब करके पूरा करेगा। इसे अभिदान कहते है।

अभिदान के रूप में प्रदत्त शेयर आपको ब्लोकिंग अवधि के अंत में दिये जायेगे, अर्थात 24 जुलाई, 2023। यह नि:शुल्क शेयर आपको इस शर्त पर दिये जायेंगे कि आप इस तिथि को ल'ऑरियल ग्रुप के कर्मचारी होंगे ("स्थानीय परिशिष्ट" में दिये गए अपवादों को छोड़ कर)।



अपने निवेश के गणना करने के लिये
*www.invest2018-loreal.com*
पर ऑनलाइन दिये

[1] ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना" एफ़सीपीई को ल'ऑरियल.के शेयरों में निवेश किया जाता है। परिणामस्वरूप, हम परामर्श देते है सब्सक्राइब करने वाला प्रत्येक कर्मचारी अपनी बचत में विविधता लाने की आवश्यकता का आंकलन करें। "ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना" एफ़सीपीई के निवेशकों के लिये मुख्य जानकारीयों के दस्तावेज़ ("डीआईसीआई") का संज्ञान लेना अत्यन्त आवश्यक है।

[2] एफ़सीपीई द्वारा भुगतान पढ़ें

## अभिदान के नियम

| यदि आप खरीदते हैं - 2018 - | + आप 2023 में ल'ऑरियल के अभिदान के रूप में प्राप्त करेंगे: | = 2023 में आपके निवेश का टोटल: |
|---|---|---|
| **1** शेयर | **1** शेयर | **2** शेयर |
| **2** शेयर | **1** शेयर | **3** शेयर |
| **3** शेयर | **2** शेयर | **5** शेयर |
| **4** शेयर | **2** शेयर | शेयर |
| **5** शेयर | **2** शेयर | **7** शेयर |
| **6** शेयर | **2** शेयर | **8** शेयर |
| **7** शेयर | **3** शेयर | **10** शेयर |
| **8** शेयर | **3** शेयर | **11** शेयर |
| **9** शेयर | **3** शेयर | **12** शेयर |
| **10** शेयर | **4** शेयर | **14** शेयर |

*ल'ऑरियल का अधिकतम अभिदान 4 शेयरों का होगा। 10 से अधिक शेयर सब्सक्राइब करने के स्थिति में अभिदान की सीमा 4 शेयर तक रहेगी।*

यदि 2018 में आप 2 शेयर खरीदते हो। **+** तो अभिदान के रूप में 2023 में आपको[3]ल'ऑरियल द्वारा 2 शेयर मिलेंगे। **=** जिससे 2025 में आपका निवेशकुल 5 शेयर के बराबर हो जायेगा।

यदि ल'ऑरियल शेयर का संदर्भ मूल्य 180 € होता है, तो एक शेयर का प्राप्ति मूल्य होगा 180 € - 20% छूट = 144 €, अर्थात, 3 ल'ऑरियल शेयरों के लिये 432 € का भुगतान।

यदि 24 जुलाई, 2023, को ल'ऑरियल शेयर का मूल्य पुन: 180 € होता है, तो 2023 में आपके निवेश का मूल्य 900 € हो जायेगा।

2018 में आपका भुगतान **3 x 144 € = 432 €** **+** 2023 में ल'ऑरियल आपको देती है **2 x 180 € = 360 €** **=** 2023 में आपका निवेश का कुल मूल्य **5 x 180 € = 900 €**

### ल'ऑरियल के शेयर मूल्य में वृद्धि के अनुसार ही आपके निवेश में भी वृद्धि होगी। इस उदाहरण के अनुसार,

3 शेयर खरीदने पर:

| 2018 में: आप भुगतान करते हैं | 24 जुलाई, 2023, को बाज़ार में ल'ऑरियल के शेयर का मूल्य | 2023* में आपके निवेश का मूल्य |
|---|---|---|
| **432 €** | ↘ **153 €** के संदर्भ मूल्य की तुलना में 15% कम हो जायेगा। u | **765 €** |
| **432 €** | = बराबर संदर्भ मूल्य **180 €** | **900 €** |
| **432 €** | ↗ **207 €** के संदर्भ मूल्य की तुलना में 15% अधिक हो जायेगा। | **1, 035 €** |

*[3] नौकरी में चालू रहने की शर्त के अधीन।*
** लाभांश पर टैक्स के अतिरिक्त।*

## आपके मताधिकार आपके शेयरों पर आधारित है।

आपके शेयरों पर आधारित आपके मताधिकारों को आपके खाते के लिये “ल’ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना” एफ़सीपीई के पर्यवेक्षी बोर्ड द्वारा आम सभा में किया जायेगा।

## आपके सब्सक्रिप्शन हेतु वित्तीयन की सुविधायें

आपके स्थानीय परिशिष्ट में भुगतान के तौर-तरीके की जानकारी दी गई हैं, जिसे आप www.invest2018-loreal.com से डाउनलोड कर सकते है।

## संभावित लाभांश का लाभ

ल’ऑरियल द्वारा भुगतान किये गए संभावित लाभांश[4] एफ़सीपीई में स्वत: ही निवेश कर दिया जायेगा; इस प्रकार आपके अंशों के मूल्य में वृद्धि होगी। एफ़सीपीई के माध्यम से इन शेयरों को 2 वर्षों तक नामांकित रखने के पश्चात लाभांश में 10% की वृद्धि होगी।

### वित्तीय लाभ

खाता रखने हेतु खर्चों का दायित्व ल’ऑरियल का रहेगा।

[4] *लाभांश अर्जति नहीं कयि जाते, परन्तु यह ग्रुप के लाभ पर आधारति होते हैं। यह आम सभा में नर्धिारति कयि जाते हैं।*

कर्मचारी
शेयर-स्वामित्व
योजना

# दीर्घकालीन निवेश के समतुल्य कर्मचारी शेयर-स्वामित्व योजना में भाग लें।

ल’ऑरियल के शेयरों में निवेश एक निजी निर्णय है।

इस योजना में निवेश करने के निर्णय लेने से पूर्व, हम आपको ल’ऑरियल ग्रुप की पिछली वार्षिक और अर्धवार्षिक रिपोर्टों को पढ़ने के लिये आमंत्रित करते हैं। ग्रुप से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारीयां, इसकी कार्यनीति, प्रदर्शन और वित्तीय स्थिति की जानकारीयां इन दस्तावेज़ों में दी गई हैं।
इस पुस्तिका में दी गई जानकारीयां आपकी सूचना हेतु दी गई है और यह ल’ऑरियल की ओर से किसी प्रकार की वित्तीय परामर्श अथवा निवेश की सलाह नहीं हैं। इस कार्यक्रम में भाग लेने का आपका निर्णय स्वतंत्र और पूरी तरह से निजी है।

## आपका निवेश शेयर मूल्य में वृद्धि पर आधारित है।

आपका निवेश ल’ऑरियल शेयर के मूल्य में उतार-चढ़ाव का अनुसरण करेगा। इस प्रकार इसमें पूंजी ह्रास होने का जोख़िम रहता है।

इसलिए, शेयर के मूल्य के आधार पर, बाहर निकलने पर आपके शेयरों का मूल्य आपके व्यक्तिगत योगदान से कम हो सकता है।

चूंकि “ल’ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना” फ़ंड का ल’ऑरियल के शेयरों में निवेश होता है, हमारा आपको परामर्श है कि आप जोखिमों को बांटने हेतु अपनी बचत में विविधता के आंकलन करें।

## आपका निवेश 5 वर्षों के लिये ब्लॉक रहेगा।

आपका निवेश 24 जुलाई, 2023 तक ब्लॉक रहेगा (अनुमत अपेक्षित अनब्लोकिंग के मामलों को छोड़ कर। इनका विवरण “स्थानीय परिशिष्ट” दस्तावेज़ में दिया गया है।)

आपको अभिदान के रूप में ऑफर किये गए शेयरों का भुगतान 24 जुलाई, 2023, ब्लोकिंग अवधि के समाप्त होने पर इस शर्त पर किया जायेगा कि आप उस तिथि को ल’ऑरियल ग्रुप के कर्मचारी बने रहेंगे (“स्थानीय परिशिष्ट” में वर्णित अपवादों को छोड़ कर)।

ब्लोकिंग के 5 वर्षों के अंत में आप अपने “ल’ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना” के शेयरों को कंपनी शेयर-स्वामित्व सामूहिक फंड (एफ़सीपीई) में जब तक चाहें रख सकते हैं, अथवा अपने शेयरों की कुल अथवा आंशिक धन-वापसी की मांग कर सकते हैं।

***नोट करें***

*चूंकि पैरिस शेयर बाज़ार में ल’ऑरियल शेयर का भाव यूरो में बोला जाता है, आपके शेयरधारण की अवधि के दौरान यूरो और विदेशी मुद्रा में उतार-चढ़ाव के कारण आपके निवेश की राशि परिवर्तित हो सकती है। इस प्रकार यदि आपकी मुद्रा की तुलना में यूरो का मूल्य बढ़ता है तो शेयरों का आपकी मुद्रा में दिखाया गया मूल्य बढ़ जायेगा। दूसरी ओर यदि आपकी मुद्रा की तुलना में यूरो का मूल्य घटता है तो शेयरों का आपकी मुद्रा में दिखाया गया मूल्य कम हो जायेगा।*



आमुन्दी साइट
*www.amundi-ee.com*
में अपने स्थान पर आप अपने शेयर देख सकते हैं।

कर्मचारी शेयर-स्वामित्व योजना

# सब्सक्रिप्शन की शर्तें

## कौन सब्सक्राइब कर सकता है?

सभी कर्मचारी जिनकी ल'ऑरियल ग्रुप की किसी कंपनी में 24 महीने का स्वीकृत कार्यकाल हो और 18 जून, 2018 को अंतरराष्ट्रीय कर्मचारी शेयर-स्वामित्व योजना में सब्सक्राइब कर रहे हों व सब्सक्रिप्शन अवधि के अंतिम दिन अर्थात् 18 जून, 2018 को उपस्थित हों।

## कितना निवेश करें?

**कम से कम**
एक ल'ऑरियल शेयर

**अधिकतम**
आपके 2018[5] के कुल वार्षिक वेतन का 25%।

सब्सक्रिप्शन अवधि की समाप्ती पर, आपके द्वारा किया गया सब्सक्रिप्शन का चयन अंतिम होगा व बदला नहीं जा सकेगा।

### कैसे सब्सक्राइब करें?

सब्सक्राइब करने के लिये आपको केवल कुछ क्लिक करने होंगे :

1 - www.invest2018-loreal.com पर कनैक्ट करें।

2 - सब्सक्राइब" बटन पर क्लिक करें।

3 - अपने उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड से स्वयं की पहचान करवायें।

4 - सब्सक्रिप्शन स्क्रीन भरें।

5 - अपने सब्सक्रिप्शन का सत्यापन करना न भूलें।



अपने निवेश के गणना करने के लिये
*www.invest2018-loreal.com*
पर ऑनलाइन दिये

## ओवर-सब्सक्रिप्शन के स्थिति में क्या होगा?

यदि अनुरोधित शेयरों की कुल संख्या कर्मचारी शेयर-स्वामित्व योजना के तहत प्रस्तावित शेयरों की संख्या से अधिक है, तो अधिक संख्या में की गई सब्सक्रिप्शन मांगो की योजना में समर्पित शेयर-सीमा तक कैपिंग की जायेगी।

**यह कार्यवाही फ़ाइनल आवंटन और शेयरों के भुगतान से पहले की जायेगी।**

[5] *इसमें वर्ष के दौरान नियत व परिवर्तनीय वेतन और प्राप्त अथवा प्राप्य, सब प्रकार के बोनस सम्मिलित है।*

# ऑफ़र की रूपरेखा

**प्रथमजून**
**2018**

### सब्सक्रिप्शन मूल्य और विनिमय दर का निर्धारण

यह आपको
**www.invest2018-loreal.com,**
साइट पर, ईमेल और प्रदर्शन चैनल से सूचित किये जायेंगे।
इन्हें ईमेल द्वारा प्राप्त करने के लिये अभी से उल्लिखित “ईमेल संदेशों” के मॉड्यूल में www.invest2018-loreal.com पर स्वयं को पंजीकृत करवायें।

**4 से 18 जून**
**2018**
**(पैरिस समय)**

### सब्सक्रिप्शन अवधि

इस अवधि में, आप अपना सब्सक्रिप्शन **www.invest2018-loreal.com** साइट पर “सब्सक्राइब” पर क्लिक करके कर सकते हैं।

**24 जुलाई**
**2018**

### पूंजी में बढ़ोतरी और शेयरों की सुपुर्दगी

कार्यवाही की समाप्ती के पश्चात के सप्ताहों में, आपको आपके सब्सक्रिप्शन का प्रमाण प्राप्त होगा जिसमें आपके द्वारा एफ़सीपीई “ल’ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना” में ग्रहण किये गये अंशो की संख्या दी होगी।

**24 जुलाई**
**2023**

### शेयरों की उपलब्धता की तिथि
(5 वर्ष की रोक अवधि के पश्चात)

आप इस तिथि को निम्न में से चुनाव कर सकते हैं:
- अपने शेयरों के बदले धन-वापसी की मांग कर सकते हैं,
- एफ़सीपीई “ल’ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना” में रखना चालू रख सकते हैं

*चेतावनी “अमेरिका के निवासियों के लिये” : योजना में प्रस्तावित एफ़सीपीई अमेरिका के निवासियों के लिये नहीं खुला है। अधिक जानकारी के लिये, कृपया नियम और “ल’ऑरियल शेअर” एफ़सीपीई के निवेशको के लिये मुख्य जानकारीयों का दस्तावेज़ देखें।*

BRO_FCPE_HZE_HI18

फोटो क्रेडिट : Istockphoto

butterfly

WWW.INVEST2018-LOREAL.COM